## एक नजर में

### पतंजलि योग, भारत स्वाभिमान संगठन जिला इकाई मंदसौर ने जल नेति योग क्रिया का कराया अभ्यास



**मंदसौर।** मौसम परिवर्तन के साथ सर्दी, जुकाम, नजला, साइनस, दमा, अस्थमा, खांसी आदि नाक गले की बीमारियों से निजात पाने के लिए ''रंग लगे न फिटकरी और रंग चोखा होय'' कहावत के अनुसार सभी बीमारियों से निजात पाने की सहज-सरल योग क्रिया है जलनेति जिसका निशुल्क अभ्यास पतंजलि योग भारत स्वाभिमान जिला इकाई परिवार मंदसौर द्वारा 25 फरवरी बुधवार को गांधी चौराहा स्थित नगर पालिका सभागार में कराया। पतंजलि प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य महेश कुमावत, जिला संरक्षक बंसीलाल टांक, जिला स्वदेशी प्रचारक ब्रजमोहन सोनी के मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी भाई-बहनों ने जल नेति क्रिया में भाग लिया। जलनेती के अतिरिक्त शरीर शुद्धि के लिये सूत्र नेती-धोती नेती आदि क्रियाएं भी कराई गई परन्तु इन क्रियाओं को प्रारंभ में किसी कुशल योग प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में ही प्रारंभ करना चाहिए। यहां उल्लेखनीय है कि 15 फरवरी महाशिवरात्रि से प्रात: 6 बजे से 7 .45 तक प्रतिदिन नगर पालिका सभागृह मंदसौर में योग शिक्षक बनाने के लिए पंजीकृत युवाओं को योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसका बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी योगाभ्यास कर रहे है।शिविर का समापन 11 मार्च 2026 को होगा।

### ग्वालियर कृषि सम्मेलन में उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर ने हासिल किया प्रथम स्थान



**मन्दसौर।** 22 से 24, फरवरी के दौरान राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर में आयोजित कृषि मंथन और कृषि सम्मेलन सह थिंक टैंक मीट में स्टॉल प्रदर्शनी में उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर के सहायक प्राध्यापक डॉ. बी.के. कचोली, डॉ. अनुज कुमार एवं डॉ. के. सी. मीणा एवं टीम ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है। इसी कार्यक्रम में उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर के तीन छात्रों अनुज नाथ चौहान, अमर चडार और सत्यम प्रजापति को भारतीय कृषि एवं अनुसंधान परिषद द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के एग्री-टेकाथियन में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है।पोस्टर प्रस्तुतिकरण में जयवीर साहू और फ्लोरिकल्चर विभाग की टीम का पोस्टर पहले स्थान पर रहा तो वहीं पलक जैन फल विज्ञान विभाग की टीम ने पोस्टर प्रस्तुतिकरण में तृतीय स्थान प्राप्त किया है।इन तीनों उपलब्धियों के लिए महाविद्यालय के अधिष्ठाता आदरणीय डॉ. दीपक हरि रानडे ने पूरी महाविद्यालय टीम को बधाई दी, उन्होंने ये भी कहा की यह उपलब्धि महाविद्यालय को बहुत ही गौरवान्वित करने वाली है।अधिष्ठाता जी ने जो छात्र राष्ट्रीय एग्री-टेकाथियन प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए है उन्हें अग्रिम शुभकामनायें दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# ड्रग्स बनाने का 1886 .6 किलो केमिकल जब्त

**मंदसौर। जिले के वायडी नगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ड्रग्स निर्माण में उपयोग होने वाला 1886.6 किलोग्राम संदिग्ध केमिकल जब्त किया है। मामले में एक आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।**

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा (भा.पु.से.) के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेरसिंह बघेल एवं सीएसपी जितेन्द्रसिंह भास्कर के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक शिवांशु मालवीय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक हेमंत शर्मा व टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

पुलिस के अनुसार विजय हाउसिंग सोसायटी कॉलोनी, फार्मेसी कॉलेज रोड स्थित एक मकान, जिसे किराये पर दिया गया था, की जांच के दौरान कमरे में रखे प्लास्टिक ड्रमों में तीव्र गंध वाला तरल केमिकल पाया गया। जांच में यह पदार्थ मादक पदार्थ निर्माण में प्रयुक्त होने वाला संदिग्ध केमिकल पाया गया, जिसे मौके पर ही जब्त कर लिया गया।

मामले में श्रेयांस पिता धरमचंद्र मोगरा निवासी प्रतापगढ़ (राजस्थान) के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

इस कार्रवाई में थाना वायडी नगर पुलिस के कई अधिकारियों व जवानों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# मजदूर कल्याण समिति की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित

**▶ रेखा जोशी प्रदेश प्रभारी और गोवर्धनलाल हाडा बने उपाध्यक्ष**

**मंदसौर।** मजदूर कल्याण समिति मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष करणसिंह परिहार ने संगठन का विस्तार करते हुए नवीन प्रदेश कार्यकारिणी, मोर्चा प्रकोष्ठ अध्यक्षों और जिला अध्यक्षों की घोषणा की है। इस नई सूची में अनुभवी और सक्रिय कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। समिति द्वारा जारी आधिकारिक सूची के अनुसार, श्रीमती रेखा जोशी को प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि गोवर्धनलाल हाडा और प्रकाश जोशी को प्रदेश उपाध्यक्ष की कमान दी गई है। महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए श्रीमती पुष्पा चौहान को महिला मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

प्रदेश अध्यक्ष परिहार ने संगठन को मजबूती देने के लिए प्रदेश महामंत्री के पद पर सुनील शर्मा, श्रीमती रेणुका रामावत और श्रीमती रामकन्या मालवीय की नियुक्ति की गई है।इसी क्रम में रमेश अहिरवार को प्रदेश संगठन मंत्री, मनोहर देवड़ा को युवा मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष और श्री अर्जुन बामनिया को प्रदेश सचिव बनाया गया है। क्षेत्रीय स्तर पर संगठन को विस्तार देते हुए लक्ष्मीनारायण खींची को उज्जैन संभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, वहीं चिकित्सा क्षेत्र की गतिविधियों के लिए किशोर सेन देवड़ा को प्रदेश संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी दी गई है।

कार्यकारिणी में अन्य प्रमुख नियुक्तियों में कैलाश रावत को प्रदेश सह प्रभारी, तथा कमलनयन गुप्ता, राकेश सेन, श्रीमती हंसा बौराना, लक्ष्मण गुर्जर, किशोर चौधरी, धर्मेन्द्र सिंह सिसोदिया और रोहित राठौर को प्रदेश मंत्री बनाया गया है।मीडिया विभाग को सक्रिय करने के लिए नवीन कुमार चौहान को प्रदेश मीडिया प्रभारी और दीपक भारती को प्रदेश सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिला स्तर पर सुनील सिखवाल को मंदसौर, शुभम राठौर को उज्जैन और सतीश जाट को रतलाम का जिला अध्यक्ष घोषित किया गया है। इसके अलावा पवन गेहलोत और जितेन्द्र सविता को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।



### धर्मधाम गीता भवन में भक्ति भाव के साथ मनाया फाग महोत्सव, फूलों व रंग गुलाल से खेली होली

**मन्दसौर।** धर्मधाम गीता भवन में अन्तर्राष्ट्रीय संत रामनिवास महाराज के आशीर्वाद से एवं ज्योतिष्यज्ञ दीदी लाडकुंवर के मार्गदर्शन में गीता भवन महिला सत्संग मंडल द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सत्संग मंडल अध्यक्ष श्रीमती विद्या उपाध्याय द्वारा भव्य रूप से फाग महोत्सव मनाया गया।

गीता भवन सत्संग हाल में स्थित भगवान श्रीकृष्ण मंदिर में प्रतिमा के समक्ष फूलों व रंग गुलाल के साथ होली खेली गई। इस अवसर पर चार जोड़े बच्चे व बड़े राधाकृष्ण बने जिसमें पूजा बैरागी कृष्ण बनी तथा सोनू मंडलोई राधा बनी, सुशान्त पाटीदार कृष्ण एवं नेहा तिवारी राधा बनी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में माता बहनें उपस्थित रही, समूचा गीता भवन भक्तिमय हो गया। माता बहनों ने ढोलक संगीत के साथ फाग गीत गाये तथा भजनों के साथ नृत्य गीतों की प्रस्तुति की। इस अवसर पर दीदी लाडकुंवर, विद्या उपाध्याय, अंजू तिवारी, पुष्पा पाटीदार, पूजा बैरागी, चित्रा मंडलोई, अनुपमा बैरागी, सुमित्रा चौधरी, रानू विजयवर्गीय, नेहा निनामा, निकिता, रानी गुप्ता, सुनीता गुप्ता, शांति बाई देवड़ा, पुष्पा बैरागी, राधा बैरागी आदि ने भाग लिया।

**एक नजर** ▶ **जैन साध्वी डॉ. श्रुतपूर्णाश्री के संयम जीवन के 28 वर्ष पूर्ण होने पर भक्ति व श्रद्धा का आयोजन**

## दृढ़ संकल्प ही चल सकते हैं संयम पथ पर : अशोक कुमठ

**पिपलिया स्टेशन (निप्र)।** संयम, त्याग और आत्मशुद्धि की साधना जैन परंपरा की सर्वोच्च तपस्या मानी जाती है। यह मार्ग सामान्य नहीं, बल्कि दृढ़ निश्चयी और आत्मबल से परिपूर्ण साधकों का पथ है। संयम पथ पर चलना तलवार की धार पर चलने के समान है, जहां प्रत्येक क्षण अनुशासन, साधना और समर्पण की परीक्षा होती है। प्रभु एवं गुरु की कृपा ही इस कठिन मार्ग में साधक के लिए पथ प्रदर्शक बनती है। उक्त विचार बही तीर्थ अध्यक्ष अशोक कुमठ ने जैन साध्वी डॉ. श्रुतपूर्णाश्री के संयम जीवन के 28 वर्ष पूर्ण होने एवं 29 वें वर्ष में प्रवेश के उपलक्ष्य में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। कुमठ ने कहा कि प्रात: 3 बजे से रात्रि 9 बजे तक



निरंतर साधना, उपासना और आराधना में लीन रहना अत्यंत कठोर तपस्या है। सांसारिक जीवन के समस्त मोह-माया, परिवार, रिश्तेदारों और भौतिक संसाधनों का पूर्ण त्याग कर केवल आत्मकल्याण और समाज को सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देना जैन संतों का प्रमुख उद्देश्य होता है। उनका जीवन त्याग, तप और अनुशासन की जीवंत मिसाल है, जो समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि जैन संतों का जीवन पूर्ण रूप से भगवान के सिद्धांतों पर आधारित होता है। भीषण गर्मी और कड़ाके की सर्दी में बिना जूते-चप्पल के पैदल विहार करना, गोचरी द्वारा आहार ग्रहण करना तथा नियमबद्ध दिनचर्या का पालन करना त्याग और संयम की विशिष्ट साधना है। यह जीवन शैली भगवान महावीर के आदर्शों की प्रत्यक्ष अनुभूति कराती है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रात: 8.30 बजे स्नात्र पूजा एवं अष्टप्रकारी पूजा का भव्य आयोजन किया गया। तीर्थ मैनेजर प्रभुलाल छाजेड़ ने बताया कि संयम जीवन के 28 वर्ष पूर्ण होने के प्रतीक स्वरूप 28 पुष्प, 28 फल, 28 नैवेद्य एवं 28 दीपक अर्पित किए गए। वातावरण में भक्तिभाव और श्रद्धा का संचार था। पूजा-अर्चना के पश्चात आरती एवं मंगल दीपक विधान संपन्न हुआ। समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। सभी ने साध्वी श्री के संयम, तप और साधना के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके दीर्घ एवं निरंतर आध्यात्मिक जीवन की मंगलकामना की।

## नीमच

## एक नजर में

### कृषि मंथन एवं कृषि प्रौद्योगिकी मेला ग्वालियर में कृषि विज्ञान केंद्र नीमच को मिला द्वितीय पुरस्कार




**नीमच।** किसान प्रदेश की अर्थव्यवस्था का आधार स्तंभ है। वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है इसी को लेकर दिनांक 22 से 24 फरवरी 2026 तक राजमाता विजय राज्य सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर में कृषि मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री जी डॉ मोहन यादव ने किसानों एवं आईसीएआर के वैज्ञानिकों को संबोधित किया । उक्त संबोधन में माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने वक्तव्य में वर्ष 2026 में किसानों की माली हालत सुधारने हेतु कई ऐसे आयाम जो कृषि को लाभ का धंधा बनाने में कारगर साबित होंगे इसका व्यापक रूप से प्रचार प्रसार ,नई किस्म का सृजन कर किसानों तक पहुंचाने का कार्य एवं उत्पाद कच्च खाद्य रूपांतरण कर अधिक मुनाफा कमाने पर जोर दिया ।साथ ही कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं से पधारे हुए कुलपति पूर्व कुलपति एवं विभिन्न संस्थाओं के निर्देशक द्वारा किसानों को नवाचार ]उच्च तकनीकी बागवानी एवं डिजिटल कृषि तथा जलवायु अनुकूल खेती जैसे विषयों को भविष्य की आवश्यकता बताते हुए विस्तृत रूप से जानकारी दी ।कार्यक्रम में आईसीएआर से डिप्टी डायरेक्टर जनरल कई संस्थाओं के डायरेक्टर एवं किसान व वैज्ञानिकों ने भाग लिया ।

### नगर विकास और सौंदर्यीकरण पर विशेष जोर, नए पार्क, मार्केट और स्वागत द्वार होंगे प्रमुख आकर्षण



**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच की पीआईसी बैठक नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा और सभापतियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में करीब 272 करोड़ रुपये का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया।अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा ने कहा कि बजट के पारित होने से शहर के विकास को नई दिशा और गति मिलेगी।इस बजट में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। स्वाति चोपड़ा ने कहा कि प्रमुख प्रस्तावों में ग्वाल टोली तालाब क्षेत्र में नमो पार्क और पिकनिक स्पॉट का विकास, शहर के चारों ओर स्वागत द्वारों का निर्माण, नगर पालिका के नवीन कार्यालय भवन का निर्माण तथा मेडिकल कॉलेज के सामने यू-शेप मार्केट और फूड जोन की स्थापना शामिल है।इसके साथ ही विभिन्न प्रशासनिक और रचनात्मक कार्यों के लिए भी प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि बैठक में सभापतियों की सहमति से बजट पारित किया गया।नगर पालिका अध्यक्ष ने विश्वास जताया कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन से शहर को आधुनिक स्वरूप मिलेगा और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी।



Krishi Upaj Mandi Samiti
|| Bhugtan Patrak ||
Propharma IV 17(4)
RAMKISAN AND SONS
NEEMUCH (M.P.)

Vch No : 7152-5932 Date : 24/02/2026
Seller : CHENSINGH JI , PIPLIYANA-THAWAT
Anubandh No :
Bhavantar Kisan Opt : Mob : 9424035373
Aadhar No. : T.No.: Entry PNo.:

| Item | Weight | Rate | Amount |
|---|---|---|---|
| RAIDA Bag 54 x 60 | | | |
| Katta 1 x 18 | 32.580 | 6270 | 204276.00 |
| Total | | | 204276.00 |
| Less: Hammali | | | 495.00 |
| Net Amount | | | 203781.00 |

Bank Pay.: Nil




# कृषि उपज मंडी नीमच में सादी पर्ची की आड़ में लाखों की राजस्व चोरी

**▶ मंडी सचिव की अहम भूमिका**

**नीमच.** कृषि उपज मंडी नीमच में कलौंजी, सरसों, अजवाइन आदि महंगी फसलों में सफेद पर्ची की आड़ में लाखों रुपए की टैक्सी चोरी हो रही है. इसमें मंडी सचिव व आउटसोर्स कर्मचारी की पूरी भूमिका है।

पत्रकार चैन सिंह अपनी उपज सरसो बेचने गये, तो फसल को खाली करने के बाद मंडी में ऑनलाइन पंजीयन हेतु आउटसोर्स कर्मचारी से बात करी, तो उन्होंने कहा की आप का सरसो के ढेर पर ही पंजीयन हो जायेगा, पर ज़ब सरसो का नीलाम हुआ तो मुझे सादे कागज पर व्यापारी द्वारा भाव लिखकर दे दिया, मेरे द्वारा मंडी की पर्ची मांगी गई तो कर्मचारी बोला, की आप दुकान पर जाकर बारदान ले आओ, और तोल करवा कर पैसे ले लेना, ज़ब मैंने पूरी जांच पड़ताल करी, तो नाम ना बताने की शर्त पर, मंडी के ही इक व्यापारी ने बताया की टेक्स चोरी का खेल है, इसमें सचिव आदी मिले होते है, एक दो ढेर की पर्ची बना देते है ,बाकी की नही, मंडी में उपनिरीक्षक व निरीक्षक की ड्यूटी तो हमेशा बदल जाती है पर आउट सोर्स कर्मचारियो की नही बदली जाती है इसके पीछे पूरा टेक्स चोरी का खेल व अपनी जेब भरने का खेल है टेक्स का आकड़ा महीने में लाखो का होता है, इस टेक्स चोरी के सिंडिकेंट में पूरा भूमिका मंडी सचिव की होती है क्योंकि सभी कर्मचारी उनके अधीन ही कार्य करते हैं,ज्यादातर आउटसोर्स के कर्मचारी मंडी सचिव के खास है, वो शासन को लाखों रुपए का चूना लगाकर सचिव को मालामाल कर रहे हैं,इसमें व्यापारी भी टेक्स चोरी में अपने फायदे के लिए पूरी भूमिका निभाते है, ज़ब नवभारत के ब्यूरो ने पूरी जांच पड़ताल करी तो सामने आया की यह टेक्स चोरी का काम रोज होता है, लहसन अभी अनेक जिंसों में भी रोज आढ़त दुवारा भी किसानों के साथ लूट हो रही है, यह सब जानकारी मंडी के सचिव को है पर सब पैसा का खेल है, नीमच मंडी में रोजाना अनेक कृषि उपज की बम्पर आवक होती है, पर मंडी के ज़िम्मेदार अपनी लालच प्रवृत्ति की वजह से मंडी में लाखो रूपये की टेक्स की चोरी पर मोन है, आढ़त प्रथा से किसानों को उपज के भाव में लाखो रूपये का नुकसान किया जा रहा है, सचिव का कहना है कि आप के माध्यम से अवैध पर्ची के आधार पर टेक्स चोरी का मामला जानकारी में आया है , मामले को दिखाते हैं।

# गोमाबाई नेत्रालय के विशेषज्ञों द्वारा 200 व्यक्तियों का नेत्र रोग परीक्षण

**▶ ग्राम मालहेड़ा में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर सम्पन्न**

**नीमच।नीमच जिले के मनासा उप-खण्ड के ग्राम मालहेड़ा में श्री चारभुजा सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित सुप्रसिद्ध कथा वाचक भीमाशंकर जी शास्त्री की कथा श्रवण हेतु आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंगलवार को आयोजित नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर सम्पन्न हुआ।**

शिविर में प्रदेश के अग्रणी नेत्र चिकित्सालय गोमाबाई नेत्रालय नीमच के विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं सहायको के दल ने मालहेड़ा और आसपास के क्षेत्रों से कथा श्रवण हेतु आये 210 श्रद्धालुओं का नेत्र परीक्षण किया और आवश्यकतानुसार उपचार तथा नेत्र रोगों से बचाव के उपायों से अवगत कराया ।

नेत्रालय प्रबंधन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ग्राम मालहेड़ा क्षेत्र के रहवासियो की आँखों के परीक्षण के लिए इस विशेष शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में नेत्र परीक्षण परिणामों के अनुसार 60 व्यक्तियों को नि:शुल्क आवश्यक दवाइयां एवं 40 व्यक्तियों चश्में वितरित किये गए । इसी प्रकार 25 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन की सलाह दी गई 60 लोगों को उच्च जांच के लिए हॉस्पिटल रेफर किया गया ।

शिविर के दौरान नेत्र रोगों से बचाव के उपायों , सावधानियों , रोग के बेहतर उपचार तथा नेत्र दान के परोपकारी अभियान के बारे में भी विस्तार से जानकारियां प्रदान की गई। शिविर से लाभान्वित श्रद्धालुओं ने आयोजन समिति और गोमाबाई नेत्रालय के स्टॉफ की इस सेवा कार्य के लिए सराहना कर आभार व्यक्त किया।



**एक नजर** ▶ **75 वां सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ**

## उमड़ा आस्था का सैलाब, संत चेतनराम की प्रेरणा से गूंज उठा मनासा

**मनासा। धर्म, आध्यात्म और सत्संग के माध्यम से सनातन समाज में सामाजिक समरसता, पारिवारिक सामंजस्य तथा राष्ट्र के प्रति निष्ठा व समर्पण भाव जागृत करने की परंपरा मंदिरों की नगरी मनासा में सामूहिक श्रीहनुमान चालीसा पाठ के माध्यम से निरंतर जारी है।**

अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के विद्वान, युवा एवं रामराष्ट्र आराधक ओजस्वी वक्ता संत श्री चेतनराम जी की पावन प्रेरणा से अनवरत चल रहे श्रीहनुमान चालीसा पाठ का 75वां सामूहिक सत्संग नगर की मुख्य आबादी से दूर सिल्वर सिटी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में भक्तों की भारी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

प्रारंभ में लाभार्थी परिवार के पंकज मोदी सहित परिजनों ने श्रीहनुमान जी के चित्र एवं श्री सांवलिया सेठ के सुंदर विग्रह पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ सत्संग का शुभारंभ किया।

होलिकोत्सव के रंग में रंगे सत्संग में भजन गायकों ने भक्तिमय प्रस्तुतियां दीं। भजन गायक राजकुमार मारू ने 'तीन बाण के धारी बाण चलाओ ना' भजन से भक्तों की अर्जी लगाई, श्याम चौधरी ने 'कीर्तन की रात बाबा आज थाने आणो है' से मनुहार की। गोपाल राठौर ने 'दुनिया में देव हजारों हैं, बजरंग बली का क्या कहना' भजन से श्रीहनुमान जी की शक्तियों का स्मरण कराया।



वहीं अर्पित शर्मा ने 'बाबा श्याम के दरबार में मची है होली' भजन से सत्संग को होलीमय बना दिया। कमल विजयवर्गीय ने 'फागण आयो रे सांवलिया, बृज में मंगल छायो रे' से श्रद्धालुओं को नृत्य करने पर विवश कर दिया।विजय उपाध्याय ने 'झोली तो भर लो भक्तो रंग और गुलाल से' गाकर क्रम को आगे बढ़ाया, जबकि ओम सोनी ने 'जय हो जय हो तुम्हारी बजरंग बली' से श्रीहनुमान जी का गुणगान किया।

अंत में सनातन सत्संग मंडल द्वारा सभी भक्तों एवं लाभार्थी परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया गया। आगामी सत्संग 3 मार्च, मंगलवार को प्रात: 8:30 बजे श्री चारभुजाजी मंदिर के पास, जूनासाथ मोहल्ला में आयोजित होगा, जिसमें सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता का आग्रह किया गया है।